आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 13.02.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश ने पदकों का शतक पूरा किया। पदक तालिका में उत्तराखंड सातवें स्थान पर।
- हल्द्वानी में कल होगा 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तैयारियों का निरीक्षण किया।
- प्रदेश के छह जिलों में आज वनाग्नि की मॉक ड्रिल हुई, मुख्यमंत्री ने कहा– भविष्य में जंगलों में आग की घटनाओं में नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी।
- रुद्रप्रयाग जिले के गुलाबराय मैदान में आज से तीन दिवसीय पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप शुरू।

राष्ट्रीय खेल
राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों का शतक पूरा कर लिया है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने 23 स्वर्ण सहित कुल 100 पदक हासिल कर लिये हैं और पदक तालिका में उत्तराखंड सातवें स्थान पर काबिज़ है।
इस बीच, टिहरी बांध की झील में आयोजित कयाकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिता में आज प्रदेश को एक स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल हुआ। उत्तराखंड की सोनिया देवी ने महिला के–वन 500 मीटर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, पुरुषों की के–फोर 500 मीटर स्पर्धा में सर्विसेज टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि मेजबान उत्तराखंड ने रजत पदक जीता। टिहरी जिले से हमारी प्रतिनिधि जय प्रकाश कुकरेती ने बताया कि अगले एक वर्ष के भीतर टिहरी झील में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है।
इस बीच, राष्ट्रीय खेल में हॉकी के फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पुरुष हॉकी में कर्नाटक ने उत्तर प्रदेश को 3–2 से हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया, जबकि उत्तर प्रदेश को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। दूसरी ओर, महिला हॉकी फाइनल में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्य प्रदेश को हराकर गोल्ड जीत लिया।

मुख्यमंत्री निरीक्षण
हल्द्वानी स्टेडियम में कल 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलने से राज्य में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है। राज्य में हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं ने यहां एक अच्छा माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए, बल्कि राज्य के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया।

सीएम/पीएम दौरा
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 27 फरवरी को उत्तरकाशी जिले के हर्षिल–मुखबा में शीतकालीन यात्रा के प्रस्तावति भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए शासन–प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के उत्तराखंड भ्रमण से राज्य में शीतकालीन यात्रा का प्रचार–प्रसार होगा और प्रदेश की आर्थिकी मजबूत होगी।

सेमिनार

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक– नाबार्ड की ओर से आज देहरादून में स्टेट क्रेडिट सेमिनार आयोजित किया गया। नाबार्ड उत्तराखंड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज यादव ने बताया की सेमिनार में राज्य में वर्ष 2025–26 में ऋण की संभावनाओ पर चर्चा की गई। इसके तहत कुल 54 हजार 700 करोड़ रूपये का आकलन किया गया है। सबसे अधिक 55 प्रतिशत सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम के लिए और 35 प्रतिशत कृषि के लिए आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया की वार्षिक क्रेडिट प्लान को बैंको को दिया जाता है और इसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाती है।

वनाग्नि मॉक ड्रिल

प्रदेश में छह जिलों के 16 स्थानों पर आज वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, देहरादून में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में मॉक ड्रिल में वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा कि इस तरह की मॉक ड्रिल से भविष्य में वनाग्नि की घटनाओं में नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए संबंधित विभगों के साथ ही जन समुदाय की सहभागिता से जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

उधर, टिहरी जिले में तीन संवेदनशील रेंज क्षेत्र में आयोजित मॉक ड्रिल में संबंधित विभागों की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला आपदा कंट्रोल रूम में अधिकारियों के साथ मॉक ड्रिल पर नजर बनाई रखी।

वहीं, उत्तरकाशी, पौड़ी, चम्पावत और अल्मोड़ा में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान वनाग्नि पर काबू पाने की तैयारियों को परखा गया।

पासपोर्ट माबइल कैंप

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देहरादून और रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुलाबराय मैदान में आज से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय पासपोर्ट बनाने व नवीनीकरण करने के लिए मोबाइल वैन कैंप आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जनपदवासियों से इस कैंप का लाभ लेने की अपील की है। वहीं, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विजय शंकर पांडेय ने बताया कि मोबाइल कैंप में एक दिन में 50 स्लॉट ही बुक किए जाने का लक्ष्य है। आज पहले दिन 50 स्लॉट बुक हैं, जिनके पासपोर्ट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से अपने पासपोर्ट बनाने के लिए स्लॉट बुक करने का अनुरोध किया है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने वन्यजीवों और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जनभागीदारी को बहुत जरूरी बताया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्राकृतिक धरोहर सुरक्षित रह सके। राज्यपाल ने राजाजी टाइगर रिजर्व का दो दिवसीय भ्रमण किया और वहां की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध, जैव विविधता और वन्य जीवों को नजदीक से देखने का अनुभव लिया। उन्होंने कहा कि राजाजी टाइगर रिजर्व न केवल उत्तराखण्ड, बल्कि पूरे देश की एक अनमोल प्राकृतिक धरोहर है, जहां अद्वितीय जैव विविधता और वन्यजीवन का अस्तित्व है।

स्मैक पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ पुलिस और एसओजी ने भारी मात्रा में स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले जिला मुख्यालय में स्नैचिंग की घटना हुई थी, जिसमें एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि एक व्यक्ति की तलाश की जा रही थी। इस दौरान दूसरे आरोपी को एसओजी की टीम ने कल घाट रोड से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने लगभग 117 ग्राम स्मैक बरामद की। पकड़ी गई स्मैक की कीमत बाजार में 35 लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। यह पिथौरागढ़ जिले में पकड़ी गई अब तक की सबसे बड़ी स्मैक की खेप है।